एक नजर में

नि :शुल्क दंत चिकित्सा शिविर एवं वृक्षारोपण अभियान

ग्वालियर। इनर व्हील क्लब ऑफ ग्वालियर न्यू जेन द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर, नदी गेट में नि :शुल्क दंत चिकित्सा शिविर एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। दंत चिकित्सा शिविर में डॉ. अंतिमा अग्रवाल एवं डॉ. अर्पित अग्रवाल द्वारा बच्चों का दंत परीक्षण किया गया तथा उन्हें दाँतों की सही देखभाल एवं मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया और बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस सेवा गतिविधि में क्लब अध्यक्ष हर्षिता गर्ग, पूर्व अध्यक्ष अदिति शाह एवं पूर्व अध्यक्ष भूमिका जैन भी उपस्थित रहीं और सक्रिय रूप से सहभागिता की। क्लब द्वारा इस विद्यालय को पूरे वर्ष के लिए गोद लिया गया है। वर्षभर विद्यालय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण एवं विद्यालय के समग्र विकास के लिए आवश्यक कार्य किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ, सुरक्षित, शिक्षित एवं बेहतर वातावरण प्रदान करना तथा विद्यालय के निरंतर विकास में सहयोग करना है।

हरियाली अमावस्या पर किया वृक्षारोपण

ग्वालियर। हरियाली अमावस्या पर वृक्षारोपण किया गया. इसमें अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय संगठन मंत्री नवयुग मंडल पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवांशु किरार आश्रम के गुरुजी कांग्रेस लीगल सेल के पूर्व जिला अध्यक्ष पूर्व शासकीय अधिवक्ता हाई कोर्ट ज्ञान सिंह कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रामबाबू कुशवाहास, अनिल राजपूत गंगा परिवार राष्ट्रीय महामंत्री नीरज सिंह राजपूत हरि सिंह राजपूत सुनील सिंह राजपूत नवयुवक मंडल किरार महासभा जिला अध्यक्ष रामेश्वर सिंह राजपूत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे

भारत विकास परिषद की समर्पण शाखा ने मातृ शक्तियों का किया सम्मान

ग्वालियर। भारत विकास परिषद की समर्पण शाखा ने आज राष्ट्रीय गान के 7 वर्ष पूर्ण होने पर एवं आठवें वर्ष में प्रवेश करने पर महाराज बाड़ा स्थित पोस्ट ऑफिस के सामने मातृशक्तियों का सम्मान किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ प्रवीण अग्रवाल थे वही कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाज सेवी एवं संस्था के संरक्षक अरविंद दूदावत एवं बेटी है तो कल है की संचारी का डॉक्टर वंदना भूपेंद्र प्रेमी थी कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अलका कुशवाहा थी भाई श्रीमती रचना गोयल श्रीमती मेघना सिंगल श्रीमती पिंकी राय विशेष रूप से उपस्थित थी इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि भारत विकास परिषद द्वारा 8 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय गान प्रारंभ किया गया था चाहे कैसी भी सर्दी हो बरसात हो गर्मी हो लेकिन ठीक 8 :30 बजे महाराज वाड़े पर राष्ट्रीय गान नहीं रुकता है वह अपने समय पर ही प्रारंभ होता है वही डॉक्टर वंदना भूपेंद्र प्रेमी ने कहा कि आज हमारा सौभाग्य है की हमने आज 31 महिलाओं का सम्मान किया।

सर्व मानव कल्याण महासंघ ने प्रशासन की कार्रवाई पर जताया असंतोष

ग्वालियर। सर्व मानव कल्याण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप चौरसिया

ने 12 अगस्त को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शासन-प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई पर गहरा असंतोष व्यक्त किया है। महासंघ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, प्रशासन को पूर्व में दी गई थी सूचना: के संचालक डॉ. संजय लहरिया की शिकायतों पर की गई कार्रवाई को निरस्त करने के संबंध में 29 जुलाई को शासन-प्रशासन को पत्र भेजकर पहले ही सूचित कर दिया गया था। अपर कलेक्टर ने संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र भेजकर 7 अगस्त को बयान देने के लिए बुलाया था। आदेश का पालन करते हुए संघ के अध्यक्ष नियत समय पर कक्ष क्रमांक 214 में उपस्थित हुए, लेकिन दो सदस्यीय जांच समिति का कोई भी सदस्य वहां मौजूद नहीं मिला। संघ द्वारा इस संबंध में वहां तैनात स्टेनो मैडम को पुन: पत्र प्रेषित कर अवगत करा दिया गया।

मानसून में त्वचा और बालों का रखें खास ख्याल

ग्वालियर। बारिश के मौसम में बढ़ती नमी और उमस का असर त्वचा और बालों

डॉ. संदीप शर्मा (MBBS, MD Dermatogist Skin & Hair Specialist)

पर भी दिखाई देता है। इस दौरान ऑयली स्किन, Acne, Pimples, Pigmentation, Dandruff और Hair Fall जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में सही स्किन और हेयर केयर बेहद जरूरी है। दर्पण स्किन एक्स हेयर क्लिनिक, ग्वालियर के डॉ. संदीप शर्मा (MBBS, MD), Dermatologist Skin , Hair Specialist के अनुसार मानसून में चेहरे को दिन में दो बार माइल्ड फेसवॉश से साफ करें और बाहर निकलते समय सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। बारिश में बाल भीगने पर उन्हें साफ पानी से धोकर अच्छी तरह सुखाएं और गीले बालों को लंबे समय तक बांधकर न रखें। अगर पिंपल्स, दाग-धब्बे, डैंड्रफ या हेयर फॉल लगातार बढ़ रहा है तो बिना सलाह के कोई भी क्रीम या उपचार करने के बजाय विशेषज्ञ से Skin & Hair Consultation लेना बेहतर है। सही कारण की पहचान कर Personalized Care से समस्या का उचित उपचार किया जा सकता है। मानसून में खूबसूरत त्वचा और स्वस्थ बालों के लिए साफ-सफाई, सही देखभाल और समय पर विशेषज्ञ की सलाह सबसे जरूरी है।

स्वतंत्रता दिवस पर 18 राज्यों में फहराएंगे ग्वालियर में बने तिरंगे

ग्वालियर । देशभर में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां जारी है। 15 अगस्त को देश के हर कोने में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया जायेगा लेकिन स्वतंत्रता दिवस पर देश भर में फहराए जाने वाले तिरंगो का ग्वालियर से भी नाता जुड़ा हुआ है। दरअसल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और दक्षिण भारत समेत 18 राज्यों और सेना के कई केंद्रों तक ग्वालियर में बने तिरंगे भेजे जायेंगे। पुरे देश में आईएसआई मार्क वाले खादी के तिरंगे बनाने की अनुमति सिर्फ दो जगहों को है, जिनमें से एक है ग्वालियर का मध्य भारत खादी संघ और दूसरा कर्नाटक का हुब्बली केंद्र। ग्वालियर स्थित मध्य भारत खादी संघ की स्थापना 1930 में हुई थी। यह उत्तर भारत की पहली संस्था है जहां कई वर्षो से तिरंगे बनाए जा रहे है। यहां बने तिरंगे देश की विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी इमारतों पर शान से लहरा रहे है।

कैसे तैयार होते है तिरंगे :स्वतंत्रता दिवस के लिए इस बार शहर के 196 कारीगर मिलकर रात-दिन मेहनत कर तिरंगे तैयार करने में लगे हुए है। सभी तिरंगो को बीआईइस मानकों के आधार पर तैयार किया जाता है। तिरंगा बनाने के लिए धागा तैयार करने से लेकर बुनाई, रंगाई और सिलाई तक का सारा काम कारीगर खुद ही करते है। कारीगर कपड़ो को नारंगी, सफ़ेद और हरे रंग में रंगने का काम करते है। फिर तिरंगो की सिलाई और मजबूती की जांच की जाती है। तिरंगो को तैयार करने के लिए लगभग 20 टेस्टिंग से होकर गुजरना पड़ता है और तय मानकों का विशेष ख्याल रखा जाता है। इसमें कपड़े की क्वालिटी, चक्र का साइज, रंग जैसे मानक शामिल हैं। किसी भी आकार के तिरंगे को तैयार करने में कारीगरों को 5 से 6 दिन का समय लगता है। सभी जरुरी जांचो के बाद ही तिरंगो पर आईएसआई मार्क लगाकर उन्हें विभिन्न राज्यों में भेजा जाता है।

तिरंगे के रंग में रंगा ग्वालियर, 'हर घर तिरंगा' अभियान

महाराज बाड़ा पर डाक विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों और छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्राएं

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 12 अगस्त। जिले में राष्ट्रप्रेम और जनभागीदारी की भावना के साथ 'हर घर तिरंगा' अभियान उत्साहपूर्वक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक तिरंगा यात्राओं, रैलियों और विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान में समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय सहभागिता से ग्वालियर का वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगता नजर आ रहा है। इसी क्रम में बुधवार को शहर के हृदय स्थल महाराज बाड़ा पर प्रधान डाकघर लश्कर के अधिकारी एवं कर्मचारियों, गजराराजा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति का संदेश दिया। हाथों में तिरंगा लेकर निकले डाक विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने नागरिकों को 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ने और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घर-आंगन में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। 'हर घर तिरंगा' अभियान की पहुंच जिले के नन्हे-मुन्ने बच्चों तक भी बनी हुई है। जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों ने तिरंगे के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अभियान को जन-जन का अभियान बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

वीआरजी कॉलेज की छात्राओं ने निकाली भव्य तिरंगा रैली

विजयाराजे शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुरार की छात्राओं ने बुधवार को 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत भव्य तिरंगा रैली निकालकर क्षेत्र में देशभक्ति का संदेश दिया। रैली में महाविद्यालय की एनसीसी, एनएसएस एवं स्पोर्ट्स विंग की सैकड़ों छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर मुरार नगर, 7 नंबर चौराहा, 6 नंबर चौराहा एवं रामलीला मैदान होते हुए पुन: महाविद्यालय परिसर पहुंची। हाथों में तिरंगा थामे छात्राएं पूरे मार्ग में 'हर घर तिरंगा-घर-घर तिरंगा', 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' और 'स्वतंत्रता अमर रहे' जैसे देशभक्ति के नारों से वातावरण को गुंजायमान करती रहीं। रैली के माध्यम से छात्राओं ने मुरार क्षेत्र के नागरिकों को राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना के साथ अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों में 17 अगस्त तक तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में विवेकानंद सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. श्रीवास्तव ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए आत्मविश्वास, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. राजेश कुमार सक्सेना ने युवाओं की भूमिका और उनकी जिम्मेदारियों पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है और राष्ट्र के विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राजवीर सिंह किरार, डॉ. यश दुबे, डॉ. कंचन सिंह नगेल, डॉ. रूपेश पल्लव, डॉ. अवधेश कुमार निरंजन, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. रेनू नायर एवं डॉ. बलबीर सिंह गुर्जर सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जयंत कोष्टी ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. शर्मिला जैन ने किया।

सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में पत्रकार के साथ हुई मारपीट

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 12 अगस्त। जिले के सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीयन प्रक्रिया, कथित भ्रष्टाचार या रजिस्ट्री से जुड़ी व्यवस्थाओं की कवरेज/रिपोर्टिंग को लेकर पत्रकार और दफ्तर के कर्मचारियों, अधिकारियो के पक्ष के बीच कहासुनी हुई, जो आगे चलकर हाथापाई और मारपीट में बदल गई। पत्रकार पक्ष का आरोप है कि घटना से पहले (सुबह के समय) ही उन्हें सब-रजिस्ट्रार के पति की ओर से काम में दखल न देने की धमकी दी गई थी। मारपीट की घटना के बाद पंजीयन परिसर में काफी देर तक हंगामा और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना के विरोध में स्थानीय मीडियाकर्मी और पत्रकार संगठन ऑल सिटी प्रेस क्लब ऑफ भारत की ग्वालियर ईकाई ने घटना की कडे शब्दो मे निंदा की और नाराजगी जताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त आपराधिक मामला दर्ज करने की।

खरीफ मौसम की सब्जियों की खेती पर प्रशिक्षण का आयोजित '

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 12 अगस्त। कृषि विज्ञान केंद्र ग्वालियर द्वारा जिले के कृषि एवं उद्यान की विभाग में सेवारत कृषि विस्तार अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन खरीफ सब्जियां की उन्नत उत्पादन तकनीक पर दिनांक 11 एवं 12 अगस्त 2026 को किया गया जिसमें 37 कृषि विस्तार अधिकारियों ने सहभागिता की प्रशिक्षण में कृषि विस्तार अधिकारियों को कृषि विज्ञान केंद्र ग्वालियर के वैज्ञानिकों द्वारा खरीफ फसलों जैसे प्याज, भिंडी, टमाटर, अगेती आलू की उन्नत उत्पादन तकनीक, खरीफ मौसम की सब्जियों में समन्वित खरपतवार प्रबंधन एवं इन फसलों में आने वाली कीट एवं बीमारियों के नियंत्रण की

तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र ग्वालियर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शैलेंद्र सिंह कुशवाह द्वारा विस्तार अधिकारियों को खरीफ मौसम की प्याज की खेती के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करने को कहा गया।

जिससे उनको अधिक बाजार भाव खरीफ प्याज की बिक्री से मिल सके द्य प्रशिक्षण का आयोजन केंद्र की वरिष्ठ उद्यानिकी एवं वैज्ञानिक डॉक्टर रश्मि बाजपेई द्वारा किया गया द्य प्रशिक्षण में डॉक्टर रीता मिश्रा,डॉक्टर अमिता शर्मा, डॉक्टर राजीव चौहान एवं डॉ एस पी एस तोमर ने विस्तार अधिकारियों को अपने विषय से संबंधित जानकारी दी।

600 रुपये के पेट्रोल में निकला पानी, बाइक हुई बंद

डबरा के पिछोर तिराहा पर सोनी पेट्रोल पंप का कारनामा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 12 अगस्त। डबरा के पिछोर तिराहा स्थित सोनी पेट्रोल पंप से मिलावटी पेट्रोल देने का एक गंभीर मामला सामने आया है। पेट्रोल भरवाते ही युवक की बाइक बंद हो गई और जब बाइक की टंकी से पेट्रोल बाहर निकाला गया, तो उसमें भारी मात्रा में पानी निकला। पीड़ित ने मामले की शिकायत स्थ्रूतथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में आवेदन देकर की है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक ने पिछोर तिराहा स्थित सोनी पेट्रोल पंप से अपनी बाइक में 600 रुपये का पेट्रोल भरवाया था। पेट्रोल पंप से कुछ ही दूरी पर पहुंचते ही बाइक अचानक झटका देकर बंद हो गई। काफी कोशिशों के बाद भी जब बाइक चालू नहीं हुई, तो मैकेनिक को दिखाया गया। बाइक की टंकी से जब पेट्रोल निकाला गया, तो उसमें पेट्रोल की जगह अत्यधिक मात्रा में पानी देखकर युवक के होश उड़ गए। **प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग** मिलावटी/पानी युक्त ईंधन मिलने से आक्रोशित पीड़ित युवक ने तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों का

दरवाजा खटखटाया। युवक ने डबरा SDM और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को लिखित आवेदन देकर सोनी पेट्रोल पंप प्रबंधन के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

जांच के बाद होगा खुलासा

ईंधन में इतनी बड़ी मात्रा में पानी कहां से आया, यह जांच का विषय है। जानकारों का कहना है कि पेट्रोल में अत्यधिक मात्रा में एथनॉल मिला होने के कारण नमी या पानी की समस्या आई है अथवा पंप संचालक द्वारा सीधे तौर पर मिलावटबाजी की गई है,

एस बी आई एवं एसआरएफ में विद्यार्थियों का असेसमेंट

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 12 अगस्त। एसआरएफ फाउंडेशन संस्था द्वारा 'स्किलिंग फॉर फ्यूचर' कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को 60 विद्यार्थियों के फाइनल असेसमेंट एवं रोजगार साक्षात्कार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों की दक्षताओं का आकलन करने के साथ उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में प्रोग्राम ऑफिसर श्री राधा कृष्णा जी एवं एसबीआई एस बी आई एफ लीफ स्किलिंग फॉर फ्यूचर के असिस्टेंट मैनेजर हेमंत जी SBIF LEAP Skilling For Future ने जूम के माध्यम से जुड़कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन सेंटर मैनेजर अच्छेद्र सिंह कुशवाह ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को असेसमेंट के साथ-साथ प्लेसमेंट प्रक्रिया एवं रोजगार के अवसरों से

संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिद्धार्थ श्रीवास्तव, पवन राजपूत, अनुप यादव, आदिस शर्मा, प्रज्ञा श्रीवास्तव, आशीष सोनी एवं लोकेश सोनी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने लिए इंटरव्यू: विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ फाइनल असेसमेंट में भाग लिया तथा अपनी योग्यता एवं प्रशिक्षण के दौरान अर्जित तकनीकी क्षमताओं का बेहतर प्रदर्शन किया। इसके पश्चात विभिन्न कंपनियों से आए प्रतिनिधियों द्वारा विद्यार्थियों के रोजगार साक्षात्कार लिए गए। एसबीआई अनिल अवस्थी, रिक्रूटर, हुंडई मोटर्स नीरज, HR मैनेजर, करियर क्राफ्ट कंसलटेंसी,आदर्श, मैनेजर एवं भूमि प्रतीक इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर ,पलक चौरसिया, एच आर मैनेजर, पी एन बी,पंकज तोमर, सेल्स मैनेजर असेसमेंट में नवरिथि संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में नवरिथि संस्था की निदा खुरेसी द्वारा संपूर्ण असेसमेंट तैयार किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्लेसमेंट ऑफिसर सुनील बंसल ने सभी अतिथियों, कंपनियों के प्रतिनिधियों, सहयोगियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

कलेक्ट्रेट परिसर में घूम रहे आवारा कुत्ते

शहर में लगातार सामने आ रहे डॉग बाइट के मामलों के बीच कलेक्ट्रेट परिसर में दिखा आवारा कुत्तों का झुंड

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 12 अगस्त। शहर में आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक लोगों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। आए दिन कुत्तों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं और अस्पतालों में डॉग बाइट के मरीज पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की लापरवाही का आलम यह है कि जिला प्रशासन के प्रमुख कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में ही आवारा कुत्ते खुलेआम घूमते नजर आए ।कलेक्ट्रेट परिसर में जिले के

विभिन्न क्षेत्रों से लोग अपनी समस्याएं लेकर अधिकारियों के पास पहुंचते हैं। ऐसे में परिसर में घूम रहे आवारा कुत्तों से आम लोगों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए यह स्थिति चिंता का विषय बन सकती है। आवारा कुत्ते कई बार अचानक लोगों पर हमला कर देते हैं। शहर में पहले भी कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे में जिला कलेक्ट्रेट जैसे संवेदनशील और सार्वजनिक परिसर में आवारा कुत्तों की मौजूदगी को सामान्य नहीं माना जा सकता। जब जिला प्रशासन के मुख्य परिसर में ही आवारा कुत्तों का झुंड आसानी से प्रवेश कर रहा है, तो शहर के आम इलाकों में लोगों की सुरक्षा के लिए प्रशासन की तैयारियां कितनी प्रभावी होगी।

सोनचिरैया स्त्री उड़ान प्रदर्शनी 14-15 अगस्त को

ग्वालियर। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोनचिरैया स्त्री उड़ान प्रदर्शनी 3.0 का आयोजन 14 एवं 15 अगस्त को होटल सयाजी, द सेंट्रल पार्क, सिटी सेंटर, ग्वालियर में किया जाएगा। दो दिवसीय इस प्रदर्शनी में शहर की 60 महिला उद्यमी अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री करेंगी। आयोजन का उद्देश्य स्थानीय महिला उद्यमियों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। आयोजकों डॉ. श्वेता चौहान एवं दीपा चौहान ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। प्रदर्शनी में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

व्हीआईएसएम कॉलेज में 15 एमपी बटालियन का CATC-41 कैंप शुरू

475 कैडेटस केम्प में लेंगे प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 12 अगस्त। व्हीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्ट्डीज़ के परिसर में बुधवार से 15 एमपी बटालियन, ग्वालियर का Combined Annual Training Camp (CATC-41) शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर 12 अगस्त से 21 अगस्त 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में जबलपुर, सागर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, रायपुर, दतिया एवं शिवपुरी के विभिन्न स्कूल

एवं कॉलेजों से लगभग 475 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। कैंप के प्रथम दिवस व्हीआईएसएम परिसर में पहुंचे कैडेट्स का स्वागत किया गया। इसके बाद सभी कैडेट्स का दस्तावेजीकरण एवं पंजीयन कराया गया तथा उन्हें कैंप के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कैडेट्स को अनुशासन, प्रशिक्षण एवं कैंप की व्यवस्थाओं के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। दस दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को ड्रिल, फायरिंग, शारीरिक प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं विभिन्न एनसीसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास एवं देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है। इस अवसर पर 15 एमपी बटालियन, ग्वालियर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल देवेंद्र सिंह वर्मा, एडीएम संजीव सारिन सहित बटालियन के अधिकारी एवं प्रशिक्षण दल उपस्थित रहे। वहीं व्हीआईएसएम ग्रुप की निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह ने भी कैडेट्स का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं शुभकामनाएं दीं।